टेलीग्राम संवाद हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश - आस पास | बरेली, शुक्रवार, 13 जून 2025 | 2

# कैंपेन चलाकर तोड़ें नेगेटिव नेरेटिव: एडीजी

- बरेली पुलिस डिजिटल मुहिम 'परवाह' को जोरदार जन समर्थन, एक करोड़ से अधिक लोगों तक संदेश
- एडीजी ने विजेता सोशल मीडिया टीमों को किया सम्मानित
- सोशल मीडिया शक्ति से बरेली जोन में बदली सड़क सुरक्षा तस्वीर
- रामपुर पुलिस, बरेली पुलिस, ट्रैफिक पुलिस रही विजेता
- प्रशस्ति पत्र शील्ड देकर किया उत्सावर्धन



विशेष प्रतिनिधि

**टेलीग्राम संवाद, बरेली।** बरेली जोन मुख्यालय पर आयोजित पुलिस सोशल मीडिया टीमों के सम्मान समारोह में एडीजी जोन रमित शर्मा ने कहा कि पुलिस द्वारा संचालित परवाह (CARE) डिजिटल रोड सेफ्टी अभियान में बरेली जोन में जनजागरूकता से नया रिकॉर्ड बनाया है। सोशल मीडिया माध्यम से चलाये गये डिजिटल सशक्त अभियान की बदौलत सड़क सुरक्षा का संदेश एक करोड़ से अधिक लोगों तक पहुंचाया गया। रामपुर, बरेली और यातायात पुलिस बरेली की सोशल मीडिया टीमों ने अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अभियान सराहते हुए एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा ने कहा कि सोशल मीडिया पर फैलाई जाने वाली नकारात्मकता को सकारात्मक अभियान जरिए जवाब देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अफवाहों से लड़ने का सबसे अच्छा तरीका है। सही और रचनात्मक जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना। उन्होंने कहा कि इस बार जोन पुलिस ने सड़क सुरक्षा संदेश को एक करोड़ से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिये कैंपेन चलाया। इस तरीके के कैंपेन को हमें अपना हथियार बनाना है। इससे सोशल मीडिया पर नेगेटिव नेरेटिव सेट करने वाले लोगों को मुंहतोड़ जवाब दिया जा सकेगा। उनकी अफवाहों की उड़ान के अरमानों को कुचला जा सकेगा। कैंपेन लोगों तक सही बात पहुंचाने में मददगार बनेगी।

बरेली जोन कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में रामपुर सोशल मीडिया प्रभारी ने बताया कि अभियान की शुरुआत थाना स्तर पर वॉट्सऐप ग्रुप बनाकर और नोडल अधिकारियों की नियुक्ति से हुई। ट्रैफिक कांस्टेबल पूजा ने बताया कि पुलिस की टीमों ने स्कूल, कॉलेज, कोचिंग, खेल मैदान और सामाजिक आयोजनों में जाकर लोगों को प्रत्यक्ष रूप से जागरूक किया। साथ ही सोशल मीडिया पर आकर्षक क्रिएटिव्स और स्लोगन माध्यम से युवाओं को सड़क सुरक्षा प्रति जागरूक किया गया।

बरेली सोशल मीडिया प्रभारी सत्येंद्र सिंह भड़ाना ने बताया कि भैंसे पर बैठे हुए सीट बेल्ट लगाये हुये यमराज का वायरल क्रिएटिव लोगों के बीच चर्चा का विषय बना। करवा चौथ आ रही है, हेलमेट लगाएं नहीं तो छिन जाएगा सुहाग जैसे स्लोगन ने विशेष रूप से महिलाओं को प्रभावित किया।

बरेली ट्रैफिक पुलिस ने पूरे जोन में सोशल मीडिया न्यूज और जनसंपर्क मामले में सबसे अधिक प्रदर्शन किया। एसपी ट्रैफिक अकमल खान ने बताया कि उनकी टीमों ने सोशल मीडिया पर 'परवाह' अभियान को बखूबी शेयर किया और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में जाकर कैम्पेन चलाए। महिलाओं और युवाओं को लक्ष्य बनाकर प्रभावी संवाद स्थापित किया गया।


उ0नि0 शालू रानी


हे0का0 दीपक पोसवाल


म0हे0का0 प्रियंका सिंह


का0 राहुल कुमार


का0 अंकित कुमार दीक्षित


का0 गौरव नैन

ट्रैफिक पुलिस के अभियान को फेसबुक पर सबसे ज्यादा देखा गया और सराहा गया। अभियान में जज की भूमिका का निर्वहन करने वाली एसपी साउथ अंशिका वर्मा ने कहा कि हमें इंस्टाग्राम समेत अन्य सोशल मीडिया के माध्यमों को भी प्रचार प्रसार के लिये प्रयोग करना चाहिये। इससे भी जबरदस्त संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचेगा।

प्रशस्ति, पुरस्कार और प्रेरणा का संगम:

प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त करने वाले जनपद:

बदायूं, मुरादाबाद, यातायात पुलिस, मुरादाबाद

**सराहनीय पुरस्कार:**

बरेली परिक्षेत्र, मुरादाबाद परिक्षेत्र, बरेली जोन

सम्मान समारोह में 65 पुलिस कर्मी सम्मानित किया। शील्ड, प्रमाणपत्र और नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा, डीआईजी परिक्षेत्र अजय साहनी, एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी साउथ अंशिका वर्मा, एसपी ट्रैफिक अकमल खान, एसपी क्राइम मनीष चंद्र सोनकर, सीओ गोपनीय शुएब, पीआरओ इंस्पेक्टर अशोक कुमार मौजूद रहे। कार्यक्रम संचालन इंस्पेक्टर विप्लव शर्मा ने किया।

**पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने वाले कर्मचारी:**

**प्रथम पुरस्कार रामपुर:** निरीक्षक जयवीर सिंह, उप निरीक्षक अजय शर्मा, कम्प्यूटर ऑपरेटर विपिन कुमार, मुख्य आरक्षी अनिल गिल, मुख्य आरक्षी अरविन्द कुमार, मुख्य आरक्षी अमित कुमार, आरक्षी अंकुर तोमर, आरक्षी रजनीश सिंह, आरक्षी शशिपाल, आरक्षी दीपक कुमार

**द्वितीय पुरस्कार जनपद बरेली:** निरीक्षक सतेन्द्र भड़ाना, कम्प्यूटर ऑपरेटर कृष्णा कुमार, मुख्य आरक्षी दिलबाग सिंह, मुख्य आरक्षी प्रदीप कुमार, आरक्षी विपुल कुमार, आरक्षी अंकित शर्मा, आरक्षी आकाश कुमार, आरक्षी हितेश कुमार, आरक्षी अरूण कुमार, आरक्षी भूपेन्द्र सिंह, आरक्षी कृष्ण कुमार, आरक्षी शिवम यादव, आरक्षी अनुज आर्य

**तृतीय पुरस्कार यातायात पुलिस बरेली:** आरक्षी मुकेश कुमार, महिला आरक्षी पूजा

**प्रोत्साहन पुरस्कार बदायूं:** निरीक्षक ऋषिपाल सिंह, उप निरीक्षक सुमित कुमार शर्मा, कम्प्यूटर ऑपरेटर दीपक सिंह, मुख्य आरक्षी अरविन्द कुमार, आरक्षी कनक यादव, आरक्षी अक्षय कुमार, आरक्षी विनीत कुमार, आरक्षी संदीप कुमार, आरक्षी धर्मेन्द्र कुमार, महिला आरक्षी जौली

**प्रोत्साहन पुरस्कार मुरादाबाद:** कम्प्यूटर ऑपरेटर अमित सिंह, मुख्य आरक्षी कपिल कुमार, आरक्षी आदित्य कुमार, आरक्षी शिवम चौधरी, आरक्षी दीपक कुमार वर्मा, आरक्षी अंकित कुमार, आरक्षी अतुल कुमार त्यागी

**प्रोत्साहन पुरस्कार ट्रैफिक पुलिस मुरादाबाद:** उप निरीक्षक अजय कुमार, आरक्षी अंकित कुमार, महिला आरक्षी पिंकी

**प्रोत्साहन पुरस्कार बरेली परिक्षेत्र:** उप निरीक्षक शालू रानी, मुख्य आरक्षी दीपक पोसवाल, महिला मुख्य आरक्षी प्रियंका सिंह, आरक्षी राहुल कुमार, आरक्षी अंकित कुमार दीक्षित, आरक्षी गौरव नैन

**प्रोत्साहन पुरस्कार:** मुरादाबाद परिक्षेत्र, निरीक्षक राकेश कुमार सिंह, कम्प्यूटर ऑपरेटर चन्द्रपाल, मुख्य आरक्षी अनिल कुमार, मुख्य आरक्षी अखिलेश कुमार, आरक्षी मोहित राजपूत, आरक्षी सुजीत कुमार

**सराहनीय कार्य: बरेली जोन कार्यालय**

निरीक्षक विप्लव शर्मा, उप निरीक्षक कन्हैया लाल,
कम्प्यूटर ऑपरेटर मनीष कुमार,
मुख्य आरक्षी खिलेन्द्र पाल सिंह,
मुख्य आरक्षी परमीत कुमार,
मुख्य आरक्षी अमित त्यागी,
मुख्य आरक्षी संजय कुमार,
आरक्षी धर्मेन्द्र चौधरी











# अमर उजाला जनपद बरेली दिनॉक 13.06.2025

## परवाह अभियान से बदली सड़क सुरक्षा की तस्वीर

**बरेली।** एडीजी रमित शर्मा के सड़क सुरक्षा संबंधी डिजिटल अभियान परवाह को एक करोड़ से ज्यादा लोगों का समर्थन मिला है। बरेली जोन के नौ जिलों की सोशल मीडिया टीमों ने इसमें भागीदारी की। इनमें से बेहतर काम करने वाली टीमों को एडीजी कार्यालय में पुरस्कृत किया गया।

एडीजी ने कहा कि सोशल मीडिया पर सकारात्मक सोच रखने वाले भी बड़ी संख्या में हैं। अफवाहों से लड़ने का बेहतर तरीका है कि लोगों तक सही और रचनात्मक जानकारी पहुंचाई जाए। सड़क हादसों में हर साल सैकड़ों लोग जान गंवाते रहते हैं। ऐसे में उनको जागरूक किए जाने की जरूरत है। डीआईजी अजय कुमार साहनी और एसएसपी अनुराग आर्य ने पुलिसकर्मियों को संदेश दिया कि वह जन सरोकार से जुड़े मामलों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में एसपी साउथ अंशिका वर्मा, एसपी ट्रैफिक अकमल खान, एसपी क्राइम मनीष चंद्र सोनकर मौजूद रहे। ब्यूरो

### इन्हें मिला पुरस्कार

**प्रथम पुरस्कार :** रामपुर (शील्ड, प्रशस्ति पत्र एवं नकद राशि)
**द्वितीय पुरस्कार :** बरेली
**तृतीय पुरस्कार :** यातायात पुलिस, बरेली

**इन्हें मिला प्रोत्साहन पुरस्कार**
बदायूं, मुरादाबाद, यातायात पुलिस मुरादाबाद।

# दैनिक जागरण जनपद बरेली दिनॉक 13.06.2025

एडीजी बोले इंटरनेट मीडिया की शक्ति से बदली सड़क सुरक्षा की तस्वीर, रामपुर व बरेली पुलिस, के साथ बरेली ट्रैफिक पुलिस रही विजेता

## पुलिस की डिजिटल मुहिम परवाह में उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले पुलिसकर्मी हुए सम्मानित



परवाह अभियान को लेकर एडीजी कार्यालय में हुए इंटरनेट मीडिया टीम के सम्मान समारोह मौजूद पुलिस अधिकारी व टीम के सदस्य • जागरण

जासं, बरेली : एडीजी के डिजिटल रोड सेफ्टी अभियान परवाह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह एडीजी कार्यालय में गुरुवार को आयोजित हुआ जिसमें प्रथम पुरस्कार रामपुर, द्वितीय पुरस्कार बरेली और तृतीय पुरस्कार बरेली की यातायात पुलिस को दिया गया। इसके अलावा बदायूं, मुरादाबाद, यातायात पुलिस, मुरादाबाद की टीमों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कुल 65 पुलिस कर्मियों को शील्ड, प्रमाणपत्र और नकद पुरस्कार प्रदान किए गए।

सम्मान समारोह में एडीजी जोन रमित शर्मा ने कहा कि पुलिस के परवाह डिजिटल रोड सेफ्टी अभियान में बरेली जोन में जनजागरूकता की नई मिसाल कायम की है। इंटरनेट मीडिया के जरिए चलाए गए डिजिटल सशक्त अभियान की बदौलत सड़क सुरक्षा का संदेश एक करोड़ से अधिक लोगों तक पहुंचाया गया। रामपुर, बरेली और यातायात पुलिस बरेली की इंटरनेट मीडिया टीमों ने अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अभियान की सराहना करते हुए एडीजी बरेली जोन ने कहा कि वर्तमान में इंटरनेट मीडिया पर फैलाई जाने वाली नकारात्मकता को सकारात्मक अभियान के जरिए जवाब देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अफवाहों से लड़ने का सबसे अच्छा तरीका है सही और रचनात्मक जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना। इस बार जोन पुलिस ने सड़क सुरक्षा के संदेश को एक करोड़ से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिये कैंपेन चलाया। इस तरीके के कैंपेन को अपना हथियार बनाना है। इससे इंटरनेट मीडिया पर नेगेटिव नेरेटिव सेट करने वाले लोगों को मुंह तोड़ जवाब दिया जा सकेगा। उनकी अफवाहों की उड़ान के अरमानों को कुचला जा सकेगा। कार्यक्रम में इस मौके पर एडीजी रमित शर्मा, डीआइजी अजय साहनी, एसपी साउथ अंशिका वर्मा, एसपी ट्रैफिक अकमल खान आदि मौजूद रहे।

### कैसे एक करोड़ लोगों तक पहुंचे, समझिए

कार्यक्रम में रामपुर के इंटरनेट मीडिया प्रभारी ने बताया कि अभियान की शुरुआत थाना स्तर पर वाट्सएप ग्रुप बनाकर व नोडल अधिकारियों की नियुक्ति से हुई। बरेली की ट्रैफिक कांस्टेबल पूजा ने बताया कि पुलिस की टीमों ने स्कूल, कालेज, कोचिंग, खेल मैदान और सामाजिक आयोजनों में जाकर लोगों को प्रत्यक्ष रूप से जागरूक किया। साथ ही, इंटरनेट मीडिया पर आकर्षक क्रिएटिव्स और स्लोगन के जरिए विशेष रूप से युवाओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। बरेली इंटरनेट मीडिया प्रभारी सत्येंद्र सिंह भड़ाना ने बताया कि भैंसे पर बैठे हुए सीट बेल्ट लगाए यमराज का प्रसारित क्रिएटिव लोगों के बीच चर्चा का विषय बना। वहीं, करवा चौथ आ रही है, हेलमेट लगाएं नहीं तो छिन जाएगा सुहाग जैसे स्लोगन ने विशेष रूप से महिलाओं को प्रभावित किया। बरेली ट्रैफिक पुलिस ने पूरे जोन में इंटरनेट मीडिया और जनसंपर्क के मामले में सबसे अधिक प्रदर्शन किया। एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान ने बताया कि उनकी टीमों ने इंटरनेट मीडिया पर परवाह अभियान को बखूबी शेयर किया और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में जाकर कैंपेन चलाए। महिलाओं और युवाओं को लक्ष्य बनाकर प्रभावी संवाद स्थापित किया गया।

# हिन्दुस्तान जनपद बरेली दिनॉक 13.06.2025

## परवाह अभियान की विजेता टीमों को किया गया पुरस्कृत

**बरेली, वरिष्ठ संवाददाता।**
यातायात जागरूकता के लिए एडीजी रमित शर्मा की मुहिम 'परवाह' अभियान के विजेताओं को गुरुवार को जोन कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कृत किया गया। इसमें रामपुर प्रथम, बरेली द्वितीय और बरेली ट्रैफिक पुलिस को तृतीय स्थान मिला। आयोजन के दौरान एडीजी रमित शर्मा ने कहा कि इस अभियान ने बरेली जोन में जनजागरूकता की नई मिसाल कायम की है। सोशल मीडिया के जरिये चलाए गए अभियान के दौरान एक करोड़ लोगों तक सड़क सुरक्षा का संदेश पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि अफवाहों से लड़ने का सबसे अच्छा तरीका है, सही और रचनात्मक जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना। इस अभियान ने यह साबित कर दिखाया है। इस अभियान में जनपद रामपुर की सोशल मीडिया टीम प्रथम, बरेली द्वितीय और यातायात पुलिस बरेली की टीम तृतीय स्थान पर रही। सभी को प्रशस्तिपत्र व नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा बदायूं व मुरादाबाद को प्रोत्साहन और बरेली रेंज, मुरादाबाद रेंज व बरेली जोन को प्रोत्साहन पुरस्कार मिला। इस दौरान डीआईजी अजय साहनी, एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी साउथ अंशिका वर्मा, एसपी ट्रैफिक अकमल खान, एसपी क्राइम मनीष चंद्र सोनकर, सीओ गोपनीय मोहम्मद शुएब आदि मौजूद रहे। संचालन इंस्पेक्टर विप्लव शर्मा ने किया।

परवाह अभियान 19 अप्रैल से 19 मई 2025 तक चला था। इसे सोशल मीडिया पर 1,00,50,530 डिजिटल व्यूज और 10,41,943 सोशल मीडिया इंटरेक्शन (लाइक, शेयर व रिप्लाई) प्राप्त हुए। इस अभियान में 5785 पोस्ट, 1828 पोस्टर, 2618 टेम्पलेट्स, 210 पेपर कटिंग्स और 1144 वीडियो का प्रयोग किया गया।



एडीजी ऑफिस में पुरस्कृत किए गए परवाह अभियान के विजेता।

### बरेली पुलिस को मिली सर्वाधिक सराहना

बरेली सोशल मीडिया प्रभारी सत्येंद्र सिंह भड़ाना ने बताया कि भैंसे पर बैठे हुए सीट बेल्ट लगाए हुए यमराज का वायरल क्रिएटिव लोगों के बीच चर्चा का विषय बना। इसके अलावा करवा चौथ आ रही है, हेलमेट लगाएं नहीं तो छिन जाएगा सुहाग, जैसे स्लोगन ने विशेष रूप से महिलाओं को प्रभावित किया। ट्रैफिक कांस्टेबल पूजा ने बताया कि पुलिस की टीमों ने स्कूल, कॉलेज, कोचिंग, खेल मैदान और सामाजिक आयोजनों में जाकर लोगों को प्रत्यक्ष रूप से जागरूक किया। रामपुर के सोशल मीडिया प्रभारी ने बताया कि अभियान की शुरुआत थाना स्तर पर वॉट्सएप ग्रुप बनाकर और नोडल अधिकारियों की नियुक्ति से हुई।

# अमृत विचार जनपद बरेली दिनॉक 13.06.2025


## सोशल मीडिया से सड़क सुरक्षा अभियान को बनाया सशक्त



पुलिस कर्मियों को सम्मानित करते एडीजी रमित शर्मा।

**बरेली, अमृत विचार** : जोन मुख्यालय पर गुरुवार को पुलिस सोशल मीडिया टीमों के सम्मान में समारोह का आयोजन हुआ। एडीजी रमित शर्मा ने कहा कि ' परवाह (केयर)' डिजिटल रोड सेफ्टी अभियान में बरेली जोन में जनजागरूकता की नई मिसाल कायम की। पुलिस ने सोशल मीडिया के माध्यम से सशक्त अभियान चलाया। इसे एक करोड़ से अधिक लोगों तक पहुंचाया गया। रामपुर और बरेली की सोशल मीडिया की टीमों ने बेहतर कार्य किया है। उन्होंने कहा कि अफवाहों से लड़ने का सबसे अच्छा तरीका है कि सही और रचनात्मक जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाई जाए। रामपुर के सोशल मीडिया प्रभारी ने बताया कि अभियान की शुरुआत थाना स्तर पर वाट्सएप ग्रुप बनाकर और नोडल अधिकारियों की नियुक्ति से हुई। ट्रैफिक कांस्टेबल पूजा ने बताया कि पुलिस की टीमों ने स्कूल, कॉलेज, कोचिंग, खेल मैदान और सामाजिक आयोजनों में जाकर लोगों को प्रत्यक्ष रूप से जागरूक किया। सोशल मीडिया पर आकर्षक क्रिएटिव्स और स्लोगन के जरिए विशेष रूप से युवाओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस दौरान बेहतर कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया गया।

# सोशल मीडिया की शक्ति से बदली सड़क सुरक्षा की तस्वीर



आसमां तक रिपोर्टर

**परवाह अभियान से बरेली जोन में एक करोड़ लोगों तक पहुंचा जागरूकता का संदेश**

**बरेली।** बरेली जोन में सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस की ओर से चलाए गए डिजिटल अभियान परवाह (CARE) ने सोशल मीडिया पर नई मिसाल कायम की है। बरेली जोन मुख्यालय पर आयोजित पुलिस सोशल मीडिया टीमों के सम्मान समारोह में एडीजी जोन रमित शर्मा ने कहा कि अफवाहों और नकारात्मकता का मुकाबला सकारात्मक अभियान से किया जाना चाहिए। इसी सोच के साथ परवाह अभियान को डिजिटली चलाया गया, जिसने एक करोड़ से अधिक लोगों तक सड़क सुरक्षा का संदेश पहुंचाया। समारोह में एडीजी ने बरेली जोन की सोशल मीडिया टीमों की सराहना करते हुए कहा कि इस अभियान ने यह साबित किया है कि सही सूचना और सृजनात्मक विचार सोशल मीडिया पर फैल रही नकारात्मकता को चुनौती दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि परवाह अभियान के तहत पूरे जोन में सड़क सुरक्षा को लेकर जनजागरूकता फैलाई गई। इसमें रामपुर पुलिस, बरेली पुलिस, और बरेली ट्रैफिक पुलिस की टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

**यमराज और करवा चौथ के क्रिएटिव ने खींचा ध्यान**

बरेली सोशल मीडिया टीम के प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह भड़ाना ने बताया कि एक वायरल क्रिएटिव, जिसमें यमराज भैंसे पर बैठे हुए सीट बेल्ट लगाए नजर आए, सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया। वहीं करवा चौथ आ रही है, हेलमेट लगाएं नहीं तो छिन जाएगा सुहाग जैसे स्लोगन ने खासकर महिलाओं में जागरूकता लाई।

**फील्ड एक्टिविटी से मिला जनता से सीधा जुड़ाव**

रामपुर सोशल मीडिया प्रभारी ने बताया कि अभियान की शुरुआत थाना स्तर पर वॉट्सऐप ग्रुप बनाकर और नोडल अधिकारियों की तैनाती से की गई। ट्रैफिक कांस्टेबल पूजा ने बताया कि पुलिस टीमों ने स्कूलों, कॉलेजों, खेल मैदानों और सामाजिक आयोजनों में पहुंचकर लोगों को सीधे जागरूक किया। युवाओं को विशेष रूप से टारगेट कर क्रिएटिव पोस्ट्स, वीडियो, स्लोगन और ग्राउंड एक्टिविटी की गई।

**बरेली ट्रैफिक पुलिस बनी सोशल मीडिया की स्टार टीम**

एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस बरेली ने सोशल मीडिया और फील्ड में सबसे ज्यादा सक्रियता दिखाई। टीम ने भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में जाकर संवाद स्थापित किया और विशेष रूप से युवाओं और महिलाओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। फेसबुक और इंस्टाग्राम पर इनकी पोस्ट को सबसे ज्यादा व्यूज और सराहना मिली।

**पुरस्कारों में झलकी टीमों की मेहनत**

सम्मान समारोह में कुल 65 पुलिसकर्मियों को उनके योगदान के लिए शील्ड, प्रमाणपत्र और नकद राशि देकर सम्मानित किया गया।

प्रथम पुरस्कार- जनपद रामपुर

द्वितीय पुरस्कार-जनपद बरेली

तृतीय पुरस्कार- ट्रैफिक पुलिस, जनपद बरेली

इसके अलावा बदायूं, मुरादाबाद और उनके ट्रैफिक विभागों को प्रोत्साहन पुरस्कार मिले। बरेली और मुरादाबाद परिक्षेत्र तथा बरेली जोन कार्यालय को सराहनीय पुरस्कार प्रदान किए गए।

**सफलता के आंकड़े**

19 अप्रैल से 19 मई 2025 तक चले परवाह अभियान को

1,00,50,530 डिजिटल व्यूज

10,41,943 सोशल मीडिया इंटरैक्शन

प्राप्त हुए। अभियान में

5785 सोशल मीडिया पोस्ट्स

1828 पोस्टर,

2618 टेम्पलेट्स,

210 समाचार कतरनें

और 1144 वीडियो प्रसारित किए गए।

उपस्थित dignitaries और भविष्य की दिशा

कार्यक्रम में डीआईजी अजय साहनी, एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी साउथ अंशिका वर्मा, एसपी क्राइम मनीष चंद्र सोनकर, सीओ गोपनीय मोहम्मद शुएब, पीआरओ अशोक कुमार, और कार्यक्रम संचालक इंस्पेक्टर विप्लव शर्मा मौजूद रहे। इस दौरान सोशल मीडिया टीमों ने अपने कार्यों की प्रेजेंटेशन भी दी।

एडीजी रमित शर्मा ने कहा कि इस तरह के डिजिटल कैंपेन भविष्य में पुलिस और जनता के बीच सेतु बनाने का काम करेंगे। सोशल मीडिया को जिम्मेदारी और सकारात्मकता के साथ उपयोग कर नई दिशा दी जा सकती है।

# दैनिक भास्कर जनपद बरेली दिनॉक 13.06.2025

अधिकतम तापमान 44.0 >> न्यूनतम तापमान 31.2 >> सूर्योदय 5:12 >> सूर्यास्त 19:01 >> डॉलर 85.60 » यूरो 99.0 »

छोटीबड़ीबात
आज ही के दिन 1997 में राजधानी दिल्ली के उपहार सिनेमा में शो के दौरान आग लगने से 59 लोगों की मौत हुई थी।

दैनिक भास्कर
देश का विश्वसनीय अखबार

dainikbhaskarup.com bhaskardigital.com

लखनऊ | वर्ष-09, अंक-246 | शुक्रवार 13 जून 2025 | कुल पृष्ठ 18 | मूल्य 3.00 रुपये

झांसी, नोएडा, लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित



दैनिक भास्कर परिवार इस भयावह हादसे पर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करता है..

## 'परवाह' अभियान से बरेली पुलिस ने रचा डिजिटल इतिहास

भास्कर ब्यूरो

**बरेली।** बदलाव सिर्फ कानून के सहारे नहीं आता,उसकी राह सोच और संकल्प से बनती है। इसी सोच का उदाहरण बना है 'परवाह' डिजिटल रोड सेफ्टी अभियान, जो उत्तर प्रदेश पुलिस, विशेष रूप से बरेली जोन के लिए न केवल एक जागरूकता मंच साबित हुआ, बल्कि पुलिसिंग की छवि को नई ऊर्जा भी दी। इस प्रभावशाली अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा ने सोशल मीडिया पर बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली टीमों को सम्मानित कर यह संदेश दिया कि नई पीढ़ी की पुलिस तकनीक और संवेदना दोनों को साथ लेकर चल रही है।जोनल सभागार में आयोजित एक गरिमामय समारोह में रमित शर्मा ने अभियान के सफल निष्पादन के लिए जनपद रामपुर, बरेली व मुरादाबाद की पुलिस सोशल मीडिया टीमों को ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार से नवाजा।रामपुर को प्रथम पुरस्कार, बरेली



को द्वितीय पुरस्कार,और बरेली यातायात पुलिस को तृतीय स्थान,इसके अतिरिक्त बदायूं, मुरादाबाद और मुरादाबाद ट्रैफिक पुलिस को प्रोत्साहन पुरस्कार, जबकि बरेली परिक्षेत्र, मुरादाबाद परिक्षेत्र और बरेली जोन को सराहनीय पुरस्कार प्रदान किए गए। अभियान की सफलता सिर्फ सोशल मीडिया इंटरेक्शन तक सीमित नहीं रही। 19 अप्रैल से 19 मई 2025 तक चले इस अभियान को 1,00,50,530 डिजिटल व्यूज और 10,41,943 सोशल मीडिया इंटरैक्शन (लाइक, शेयर, कमेंट आदि) मिले, जो स्वयं इस अभियान की पहुंच और प्रभाव का प्रमाण हैं। इसके तहत कुल -5785 सोशल मीडिया पोस्ट्स,1828 इनोवेटिव पोस्टर,2618 डिज़ाइन टेम्पलेट्स, 210 समाचार कटिंग्स,और 1144 वीडियो का उपयोग किया गया। इन आंकड़ों से जाहिर होता है कि यह कोई सामान्य औपचारिक अभियान नहीं था, बल्कि डिजिटल युग की पुलिसिंग का उदाहरण बना। विजेता टीमों ने इस अवसर पर अपने अनुभव साझा किए और तकनीकों का प्रेजेंटेशन भी प्रस्तुत किया, जिसे हाइब्रिड मोड से शाहजहांपुर, पीलीभीत, अमरोहा, बिजनौर और सम्भल की सोशल मीडिया टीमों ने देखा और सीखा। इस आयोजन से यह साबित हो गया कि पुलिस विभाग में सीखने और साझा करने की संस्कृति अब मज़बूती से पनप रही है। एडीजी, जो पहले भी ट्रैफिक, साइबर सुरक्षा और सड़क सुरक्षा जैसे विषयों पर नवाचार के लिए जाने जाते रहे हैं, इस अभियान के केंद्र में रहे। उनका नेतृत्व सिर्फ आदेश देने वाला नहीं है, बल्कि टीमों को प्रेरित करने, उन्हें तकनीकी और रचनात्मक स्वतंत्रता देने वाला है। उन्होंने इस अभियान को 'महज एक प्रोग्राम' नहीं, बल्कि एक मिशन की तरह लिया। बरेली जोन की विजेता टीमों के कुल 65 पुलिसकर्मियों को व्यक्तिगत रूप से सम्मानित किया गया, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि नेतृत्व सिर्फ शीर्ष अधिकारियों का नहीं होता – हर सिपाही की भूमिका को सराहा जाना चाहिए। यही नेतृत्व की नई सोच है, जो बरेली जोन को बाकी प्रदेश से अलग बनाती है। इस कार्यक्रम की गरिमा तब और बढ़ गई जब बरेली परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक अजय कुमार साहनी, एसएसपी अनुराग आर्य, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अंशिका वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध मनीष कुमार सोनकर, एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान, तथा पुलिस उपाधीक्षक (गोपनीय) मोहम्मद शुएब जैसे अधिकारी भी इसमें शामिल हुए।

# ख्वाजा एक्सप्रेस जनपद बरेली दिनॉक 13.06.2025

## परवाह अभियान से बरेली जोन में एक करोड़ लोगों तक पहुंचा जागरूकता का संदेश

ख्वाजा एक्सप्रेस संवाददाता

**बरेली।** बरेली जोन में सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस की ओर से चलाए गए डिजिटल अभियान परवाह ने सोशल मीडिया पर नई मिसाल कायम की है। बरेली जोन मुख्यालय पर आयोजित पुलिस सोशल मीडिया टीमों के सम्मान समारोह में एडीजी जोन रमित शर्मा ने कहा कि अफवाहों और नकारात्मकता का मुकाबला सकारात्मक अभियान से किया जाना चाहिए। इसी सोच के साथ परवाह अभियान को डिजिटली चलाया गया, जिसने एक करोड़ से अधिक लोगों तक सड़क सुरक्षा का संदेश पहुंचाया। समारोह में एडीजी ने बरेली जोन की सोशल मीडिया टीमों की सराहना करते हुए कहा कि इस अभियान ने यह साबित किया है कि सही सूचना और सृजनात्मक विचार सोशल मीडिया पर फैल रही नकारात्मकता को चुनौती दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि परवाह अभियान के तहत पूरे जोन में सड़क सुरक्षा को लेकर जनजागरूकता फैलाई गई। इसमें रामपुर पुलिस, बरेली पुलिस, और बरेली ट्रैफिक पुलिस की टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बरेली सोशल मीडिया टीम के प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह भड़ाना ने बताया कि एक वायरल क्रिएटिव, जिसमें यमराज भैंसे पर बैठे हुए सीट बेल्ट लगाए नजर आए, सोशल मीडिया





पर चर्चा का विषय बन गया। वहीं करवा चौथ आ रही है, हेलमेट लगाएं नहीं तो छिन जाएगा सुहाग÷ जैसे स्लोगन ने खासकर महिलाओं में जागरूकता लाई।

रामपुर सोशल मीडिया प्रभारी ने बताया कि अभियान की शुरुआत थाना स्तर पर वॉट्सएप ग्रुप बनाकर और नोडल अधिकारियों की तैनाती से की गई। ट्रैफिक कांस्टेबल पूजा ने बताया कि पुलिस टीमों ने स्कूलों, कॉलेजों, खेल मैदानों और सामाजिक आयोजनों में पहुंचकर लोगों को सीधे जागरूक किया। युवाओं को विशेष रूप से टारगेट कर क्रिएटिव पोस्ट्स, वीडियो, स्लोगन और ग्राउंड एक्टिविटी की गई।

**बरेली ट्रैफिक पुलिस बनी सोशल मीडिया की स्टार टीम**

एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस बरेली ने सोशल मीडिया और फील्ड में सबसे ज्यादा सक्रियता दिखाई। टीम ने भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में जाकर संवाद स्थापित किया और विशेष रूप से युवाओं और महिलाओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। फेसबुक और इंस्टाग्राम पर इनकी पोस्ट को सबसे ज्यादा व्यूज और सराहना मिली। सम्मान समारोह में कुल 65 पुलिसकर्मियों को उनके योगदान के लिए शील्ड, प्रमाणपत्र और नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। प्रथम पुरस्कार जनपद रामपुर,द्वितीय पुरस्कार जनपद बरेली, तृतीय पुरस्कार ट्रैफिक पुलिस, जनपद बरेली इसके अलावा बदायूं, मुरादाबाद और उनके ट्रैफिक विभागों को प्रोत्साहन पुरस्कार मिले। बरेली और मुरादाबाद परिक्षेत्र तथा बरेली जोन कार्यालय को सराहनीय पुरस्कार प्रदान किए गए। 19 अप्रैल से 19 मई 2025 तक चले परवाह अभियान को, 1,00,50,530 डिजिटल व्यूज,10,41,943 सोशल मीडिया इंटरैक्शन प्राप्त हुए।

अभियान में 5785 सोशल मीडिया पोस्ट्स, 1828 पोस्टर, 2618 टेम्पलेट्स,210 समाचार कतरनें और 1144 वीडियो प्रसारित किए गए। कार्यक्रम में डीआईजी अजय साहनी, एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी साउथ अंशिका वर्मा, एसपी क्राइम मनीष चंद्र सोनकर, सीओ गोपनीय मोहम्मद शुएब, पीआरओ अशोक कुमार, और कार्यक्रम संचालक इंस्पेक्टर विप्लव शर्मा मौजूद रहे। इस दौरान सोशल मीडिया टीमों ने अपने कार्यों की प्रेजेंटेशन भी दी। एडीजी रमित शर्मा ने कहा कि इस तरह के डिजिटल कैंपेन भविष्य में पुलिस और जनता के बीच सेतु बनाने का काम करेंगे। सोशल मीडिया को जिम्मेदारी और सकारात्मकता के साथ उपयोग कर नई दिशा दी जा सकती है।

# प्रकाश वेग जनपद बरेली दिनॉक 13.06.2025

## सोशल मीडिया से सड़क सुरक्षा तकः परवाह अभियान बना क्रांति की मिसाल, एक करोड़ से ज्यादा लोगो तक पहुंचा संदेश

प्रवीण कुमार

बरेली। सोशल मीडिया की ताकत जब जनहित से जुड़ती है, तो बदलाव की नई कहानी लिखती है। बरेली जोन पुलिस का डिजिटल रोड सेफ्टी अभियान परवाह (उअफ्प्र) इसका बेहतरीन उदाहरण बन गया है। इस अभियान ने एक महीने में 1 करोड़ से अधिक लोगों तक सड़क सुरक्षा का संदेश पहुंचाकर न सिर्फ रिकॉर्ड बनाया, बल्कि सोशल मीडिया के मंच पर नकारात्मकता के विरुद्ध एक सकारात्मक बिगुल भी फूंका। एडीजी रमित शर्मा ने बरेली जोन मुख्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में कहा › अब वक्त है सोशल मीडिया को अफवाह और भ्रम फैलाने वालों के खिलाफ हमारा हथियार बनाने का। परवाह जैसा अभियान नेगेटिव नैरेटिव का मुंहतोड़ जवाब है। जोनल स्तर पर चमकी ये टीमें,,प्रथम पुरस्कार जनपद रामपुर द्वितीय पुरस्कार जनपद बरेली तृतीय पुरस्कार यातायात पुलिस, बरेली प्रोत्साहन पुरस्कारः बदायूं, मुरादाबाद, ट्रैफिक पुलिस मुरादाबाद विशेष सराहनाः बरेली परिक्षेत्र, मुरादाबाद परिक्षेत्र, बरेली जोन परवाह की डिजिटल धमक 1,00,50,530 डिजिटल व्यूज 10,41,943 सोशल मीडिया इंटरैक्शन लाइक्स, शेयर, रिप्लाई 5735 पोस्ट` 1828 पोस्टर` 2618 टेम्पलेट` 144 वीडियो जमीन से सोशल मीडिया तक असरदार रणनीति रामपुर पुलिस ने अभियान की शुरूआत थाना स्तर पर वॉट्सऐप ग्रुप बनाकर की। ट्रैफिक कांस्टेबल पूजा ने स्कूल-कॉलेजों और सामाजिक कार्यक्रमों में जाकर सीधी बातचीत से लोगों को जागरूक किया। सोशल मीडिया पर चलाए गए क्रिएटिव्स और स्लोगन ने खासकर युवाओं और महिलाओं को गहराई से प्रभावित किया। बरेली पुलिस का वायरल क्रिएटिव बना चर्चा का विषय भैंसे पर बैठे यमराज के सीट बेल्ट क्रिएटिव और करवा चौथ आ रही है, हेलमेट लगाए नहीं तो छिन जाएगा सुहाग जैसे नारे सोशल मीडिया पर जबरदस्त वायरल हुए। फेसबुक पर सर्वाधिक व्यूज और सराहना। महिलाओं व युवाओं से संवाद कर अभियान को धार दी। एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान और एसपी साउथ अंशिका वर्मा ने इसे नई ऊंचाई दी। सम्मान समारोह में कुल 65 पुलिसकर्मी हुए पुरस्कृत एडीजी रमित शर्मा, डीआईजी अजय साहनी एसएसपी आर्य समेत आला अफसरों ने शील्ड, प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार देकर टीमों को सम्मानित किया। कार्यक्रम संचालन किया इंस्पेक्टर विप्लव शर्मा ने। हाइब्रिड प्रजेंटेशन के माध्यम से अन्य जनपदों को प्रशिक्षित भी किया गया। परवाह सिर्फ एक अभियान नहीं, सोशल मीडिया की पॉजिटिव ताकत का प्रमाण है। यह बताता है कि जब अफसर सोच बदलते हैं, तो समाज दिशा बदलता है।



वतन की धारा जनपद बरेली दिनॉक 13.06.2025

# कैंपेन चलाकर तोड़ें नेगेटिव नेरेटिव, सोशल मीडिया की शक्ति से बदली सड़क सुरक्षा की तस्वीर : एडीजी

**वतन की धारा, संवाददाता**

**बरेली।** जोन मुख्यालय पर आयोजित पुलिस सोशलमीडिया टीमों के सम्मान समारोह में एडीजी जोन रमित शर्मा ने कहा कि पुलिस के 'परवाह' डिजिटल रोड सेफ्टी अभियान में बरेली जोन में जनजागरूकता की नई मिसाल कायम की है। सोशल मीडिया के जरिये चलाये गये डिजिटल सशक्त अभियान की बदौलत सड़क सुरक्षा का संदेश एक करोड़ से अधिक लोगों तक पहुंचाया गया।







एडीजी ने बरेली जोनआफिस में आयोजित समारोह में विजेता सोशल मीडिया टीमों को किया सम्मानित बरेली पुलिस की डिजिटल मुहिम 'परवाह' को जोरदार जन समर्थन, एक करोड़ से अधिक लोगों तक संदेश रामपुर पुलिस, बरेली पुलिस, बरेली ट्रैफिक पुलिस रही विजेता, प्रशस्ति पत्र शील्ड देकर किया उत्सावर्धन

बरेली। बरेली जोन मुख्यालय पर आयोजित पुलिस सोशल मीडिया टीमों के सम्मान समारोह में एडीजी जोन रमित शर्मा ने कहा कि पुलिस के 'परवाह' डिजिटल रोड सेफ्टी अभियान में बरेली जोन में जन जागरूकता की नई मिसाल कायम की है। सोशल मीडिया के जरिये चलाये गये डिजिटल सशक्त अभियान की बदौलत सड़क सुरक्षा का संदेश एक करोड़ से अधिक लोगों तक पहुंचाया गया। रामपुर, बरेली और यातायात पुलिस बरेली की सोशल मीडिया टीमों ने अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अभियान की सराहना करते हुए एडीजी बरेली जोन ने कहा कि आज के दौर में सोशल मीडिया पर फैलाई जाने वाली नकारात्मकता को सकारात्मक अभियान के जरिए जवाब देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अफवाहों से लड़ने का सबसे अच्छा तरीका है सही और रचनात्मक जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना। उन्होंने कहा कि इस बार जोन पुलिस ने सड़क सुरक्षा के संदेश को एक करोड़ से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिये कैंपेन चलाया। इस तरीके के कैंपेन को हमें अपना हथियार बनाना है। इससे सोशल मीडिया पर नेगेटिव नेरेटिव सेट करने वाले लोगों को मुंहतोड़ जवाब दिया जा सकेगा। उनकी अफवाहों की उड़ान के अरमानों को कुचला जा सकेगा। कैंपेन लोगों तक सही बात पहुंचाने में मददगार बनेगी।

रामपुर के सोशल मीडिया प्रभारी ने बताया कि अभियान की शुरुआत थाना स्तर पर वॉट्सऐप ग्रुप बनाकर और नोडल अधिकारियों की नियुक्ति से हुई। ट्रैफिक कांस्टेबल पूजा ने बताया कि पुलिस की टीमों ने स्कूल, कॉलेज, कोचिंग, खेल मैदान और सामाजिक आयोजनों में जाकर लोगों को प्रत्यक्ष रूप से जागरूक किया। साथ ही, सोशल मीडिया पर आकर्षक क्रिएटिव्स और स्लोगन के जरिए विशेष रूप से युवाओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

बरेली सोशल मीडिया प्रभारी सत्येंद्र सिंह भड़ाना ने बताया कि भैंसे पर बैठे हुए सीट बेल्ट लगाये हुये यमराज का वायरल क्रिएटिव लोगों के बीच चर्चा का विषय बना। वहीं, 'करवा चौथ आ रही है, हेलमेट लगाएं नहीं तो छिन जाएगा सुहाग' जैसे स्लोगन ने विशेष रूप से महिलाओं को प्रभावित किया। बरेली ट्रैफिक पुलिस ने पूरे जोन में सोशल मीडिया न्यूज़ और जनसंपर्क के मामले में सबसे अधिक प्रदर्शन किया। एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान ने बताया कि उनकी टीमों ने सोशल मीडिया पर 'परवाह' अभियान को बखूबी शेयर किया और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में जाकर कैम्पेन चलाए।

महिलाओं और युवाओं को लक्ष्य बनाकर प्रभावी संवाद स्थापित किया गया। ट्रैफिक पुलिस के अभियान को फेस बुक पर सबसे ज्यादा देखा गया और सराहा गया। अभियान में जज की भूमिका का निर्वहन करने वाली एसपी साउथ अंशिका वर्मा ने कहा कि हमें इंस्टाग्राम समेत अन्य सोशल मीडिया के माध्यमों को भी प्रचार प्रसार के लिये प्रयोग करना चाहिये। इससे भी जबर दस्त संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचेगा।

प्रथम पुरस्कार जनपद रामपुर (शील्ड, प्रशस्ति पत्र एवं नकद राशि) को द्वितीय पुरस्कार जनपद बरेली को तथा तृतीय पुरस्कार यातायात पुलिस, जनपद बरेली को मिला।

प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त करने वाले जनपदों में बदायूं, मुरादा बाद, यातायात पुलिस, मुरादा बाद रहे जबकि सराहनीय पुरस्कार बरेली परिक्षेत्र, मुरादा बाद परिक्षेत्र, बरेली जोन को मिला। सम्मान समारोह में कुल 65 पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया, जिन्हें शील्ड, प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा, डीआईजी परिक्षेत्र अजय साहनी एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी साउथ अंशिका वर्मा, एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान, एसपी क्राइम मनीष चंद्र सोनकर, सीओ गोप नीय मोहम्मद शुएब, पीआरओ इंस्पेक्टर अशोक कुमार, कार्य क्रम का संचालन इंस्पेक्टर विप्लव शर्मा ने किया। इस अवसर पर विभिन्न जनपदों की सोशल मीडिया टीमों ने हाइब्रिड मोड के माध्यम से अपने प्रयासों की प्रेजेंटेशन दी और अन्य जनपदों को प्रशिक्षित भी किया।

# युवा हस्ताक्षर जनपद बरेली दिनॉक 13.06.2025

# सोशल मीडिया की शक्ति से बदली सड़क सुरक्षा की तस्वीर



युवा हस्ताक्षर रिपोर्टर

**परवाह अभियान से बरेली जोन में एक करोड़ लोगों तक पहुंचा जागरूकता का संदेश**

**बरेली।** बरेली जोन में सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस की ओर से चलाए गए डिजिटल अभियान परवाह (CARE) ने सोशल मीडिया पर नई मिसाल कायम की है। बरेली जोन मुख्यालय पर आयोजित पुलिस सोशल मीडिया टीमों के सम्मान समारोह में एडीजी जोन रमित शर्मा ने कहा कि अफवाहों और नकारात्मकता का मुकाबला सकारात्मक अभियान से किया जाना चाहिए। इसी सोच के साथ परवाह अभियान को डिजिटली चलाया गया, जिसने एक करोड़ से अधिक लोगों तक सड़क सुरक्षा का संदेश पहुंचाया। समारोह में एडीजी ने बरेली जोन की सोशल मीडिया टीमों की सराहना करते हुए कहा कि इस अभियान ने यह साबित किया है कि सही सूचना और सृजनात्मक विचार सोशल मीडिया पर फैल रही नकारात्मकता को चुनौती दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि परवाह अभियान के तहत पूरे जोन में सड़क सुरक्षा को लेकर जनजागरूकता फैलाई गई। इसमें रामपुर पुलिस, बरेली पुलिस, और बरेली ट्रैफिक पुलिस की टीमों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

**यमराज और करवा चौथ के क्रिएटिव ने खींचा ध्यान**

बरेली सोशल मीडिया टीम के प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह भड़ाना ने बताया कि एक वायरल क्रिएटिव, जिसमें यमराज भैंसे पर बैठे हुए सीट बेल्ट लगाए नजर आए, सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया। वहीं करवा चौथ आ रही है, हेलमेट लगाएं नहीं तो छिन्न जाएगा सुहाग जैसे स्लोगन ने खासकर महिलाओं में जागरूकता लाई।

**फील्ड एक्टिविटी से मिला जनता से सीधा जुड़ाव**

रामपुर सोशल मीडिया प्रभारी ने बताया कि अभियान की शुरुआत थाना स्तर पर वॉट्सऐप ग्रुप बनाकर और नोडल अधिकारियों की तैनाती से की गई। ट्रैफिक कांस्टेबल पूजा ने बताया कि पुलिस टीमों ने स्कूलों, कॉलेजों, खेल मैदानों और सामाजिक आयोजनों में पहुंचकर लोगों को सीधे जागरूक किया। युवाओं को विशेष रूप से टारगेट कर क्रिएटिव पोस्ट्स, वीडियो, स्लोगन और ग्राउंड एक्टिविटी की गई।

**बरेली ट्रैफिक पुलिस बनी सोशल मीडिया की स्टार टीम**

एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस बरेली ने सोशल मीडिया और फील्ड में सबसे ज्यादा सक्रियता दिखाई। टीम ने भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में जाकर संवाद स्थापित किया और विशेष रूप से युवाओं और महिलाओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। फेसबुक और इंस्टाग्राम पर इनकी पोस्ट को सबसे ज्यादा व्यूज और सराहना मिली।

**पुरस्कारों में झलकी टीमों की मेहनत**

सम्मान समारोह में कुल 65 पुलिसकर्मियों को उनके योगदान के लिए शील्ड, प्रमाणपत्र और नकद राशि देकर सम्मानित किया गया।

प्रथम पुरस्कार- जनपद रामपुर

द्वितीय पुरस्कार-जनपद बरेली

तृतीय पुरस्कार- ट्रैफिक पुलिस, जनपद बरेली

इसके अलावा बदायूं, मुरादाबाद और उनके ट्रैफिक विभागों को प्रोत्साहन पुरस्कार मिले। बरेली और मुरादाबाद परिक्षेत्र तथा बरेली जोन कार्यालय को सराहनीय पुरस्कार प्रदान किए गए।

**सफलता के आंकड़े**

19 अप्रैल से 19 मई 2025 तक चले परवाह अभियान को

1,00,50,530 डिजिटल व्यूज

10,41,943 सोशल मीडिया इंटरैक्शन

प्राप्त हुए। अभियान में

5785 सोशल मीडिया पोस्ट्स

1828 पोस्टर,

2618 टेम्पलेट्स,

210 समाचार कतरनें

और 1144 वीडियो प्रसारित किए गए।

उपस्थित dignitaries और भविष्य की दिशा

कार्यक्रम में डीआईजी अजय साहनी, एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी साउथ अंशिका वर्मा, एसपी क्राइम मनीष चंद्र सोनकर, सीओ गोपनीय मोहम्मद शुएब, पीआरओ अशोक कुमार, और कार्यक्रम संचालक इंस्पेक्टर विप्लव शर्मा मौजूद रहे। इस दौरान सोशल मीडिया टीमों ने अपने कार्यों की प्रेजेंटेशन भी दी।

एडीजी रमित शर्मा ने कहा कि इस तरह के डिजिटल कैंपेन भविष्य में पुलिस और जनता के बीच सेतु बनाने का काम करेंगे। सोशल मीडिया को जिम्मेदारी और सकारात्मकता के साथ उपयोग कर नई दिशा दी जा सकती है।

# अमर स्तम्भ जनपद बरेली दिनॉक 13.06.2025

# मुख्यालय पर आयोजित पुलिस सोशल मीडिया की शक्ति से बदली सड़क सुरक्षा की तस्वीर, कैंपेन चलाकर तोड़ें नेगेटिव नेरेटिवः एडीजी जोन रमित शर्मा

ब्यूरो चीफ अवनीश शर्मा

## एडीजी रमित शर्मा ने बरेली जोन आफिस में आयोजित समारोह में विजेता सोशल मीडिया टीमों को किया सम्मानित

बरेली (दैनिक अमर स्तंभ) बरेली - उत्तर प्रदेश - जनपद बरेली पुलिस की डिजिटल मुहिम 'परवाह' को जोरदार जन समर्थन, एक करोड़ से अधिक लोगों तक संदेश रामपुर पुलिस, बरेली पुलिस, बरेली ट्रैफिक पुलिस रही विजेता, प्रशस्ति पत्र शील्ड देकर किया उत्सावर्धन

बरेली जोन मुख्यालय पर आयोजित पुलिस सोशल मीडिया टीमों के सम्मान समारोह में एडीजी जोन रमित शर्मा ने कहा कि पुलिस के 卐परवाह (इत्रध)卐 डिजिटल रोड सेफ्टी अभियान में बरेली जोन में जनजागरूकता की नई मिसाल कायम की है। सोशल मीडिया के जरिये चलाये गये डिजिटल सशक्त अभियान की बदौलत सड़क सुरक्षा का संदेश एक करोड़ से अधिक लोगों तक पहुंचाया गया। रामपुर, बरेली और यातायात पुलिस बरेली की सोशल मीडिया टीमों ने अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अभियान की सराहना करते हुए एडीजी बरेली जोन ने कहा कि आज के दौर में सोशल मीडिया पर फैलाई जाने वाली नकारात्मकता को सकारात्मक अभियान के जरिए जवाब देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अफवाहों से लड़ने का सबसे अच्छा तरीका है - सही और रचनात्मक जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना। उन्होंने कहा कि इस बार जोन पुलिस ने सड़क सुरक्षा के संदेश को एक करोड़ से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिये कैंपेन चलाया। इस तरीके के कैंपेन को हमें अपना हथियार बनाना है। इससे सोशल मीडिया पर नेगेटिव नैरेटिव सेट करने वाले लोगों को मुंहतोड़ जवाब दिया जा सकेगा। उनकी अफवाहों की उड़ान के अरमानों को कुचला जा सकेगा। कैंपेन लोगों तक सही बात पहुंचाने में मददगार बनेगी।

वॉट्सऐप ग्रुप और फील्ड एक्टिविटी से बनी प्रभावी रणनीति

रामपुर के सोशल मीडिया प्रभारी ने बताया कि अभियान की शुरुआत थाना स्तर पर वॉट्सऐप ग्रुप बनाकर और नोडल अधिकारियों की नियुक्ति से हुई। ट्रैफिक कांस्टेबल पूजा ने बताया कि पुलिस की टीमों ने स्कूल, कॉलेज, कोचिंग, खेल मैदान और सामाजिक आयोजनों में जाकर लोगों को प्रत्यक्ष रूप से जागरूक किया। साथ ही, सोशल मीडिया पर आकर्षक क्रिएटिव्स और स्लोगन के जरिए विशेष रूप से युवाओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

एसएसपी सबसे ज्यादा सराहा गया बरेली पुलिस का क्रिएटिव

बरेली सोशल मीडिया प्रभारी सत्येंद्र सिंह भड़ाना ने बताया कि भैंसे पर बैठे हुए सीट बेल्ट लगाये हुये यमराज का वायरल क्रिएटिव लोगों के बीच चर्चा का विषय बना। वहीं, 卐करवा चौथ आ रही है, हेलमेट लगाएं नहीं तो छिन जाएगा सुहाग卐 जैसे स्लोगन ने विशेष रूप से महिलाओं को प्रभावित किया।

## ट्रैफिक पुलिस बरेली ने तोड़े रिकॉर्ड

बरेली ट्रैफिक पुलिस ने पूरे जोन में सोशल मीडिया न्यूज़ और जनसंपर्क के मामले में सबसे अधिक प्रदर्शन किया। एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान ने बताया कि उनकी टीमों ने सोशल मीडिया पर 'परवाह' अभियान को बखूबी शेयर किया और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में जाकर कैम्पेन चलाए। महिलाओं और युवाओं को लक्ष्य बनाकर प्रभावी संवाद स्थापित किया गया। ट्रैफिक पुलिस के अभियान को फेसबुक पर सबसे ज्यादा देखा गया और सराहा गया। अभियान में जज की भूमिका का निर्वहन करने वाली एसपी साउथ अंशिका वर्मा ने कहा कि हमें इंस्टाग्राम समेत अन्य सोशल मीडिया के माध्यमों को भी प्रचार प्रसार के लिये प्रयोग करना चाहिये। इससे भी जबरदस्त संदेश अधिक से अधिक लोगों तक





पहुंचेगा। प्रशस्ति, पुरस्कार और प्रेरणा का संगम ?? ?? प्रथम पुरस्कार - जनपद रामपुर (शील्ड, प्रशस्ति पत्र एवं नकद राशि) ?? ?? द्वितीय पुरस्कार - जनपद बरेली ?? ?? तृतीय पुरस्कार - यातायात पुलिस, जनपद बरेली प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त करने वाले जनपद- बदायूं, मुरादाबाद, यातायात पुलिस, मुरादाबाद

सराहनीय पुरस्कार- बरेली परिक्षेत्र, मुरादाबाद परिक्षेत्र, बरेली जोन

एडीजी, डीआईजी और एसएसपी से सम्मानित हुए 65 पुलिसकर्मी सम्मान समारोह में कुल 65 पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया, जिन्हें शील्ड, प्रमाणपत्र और नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा, डीआईजी परिक्षेत्र अजय साहनी एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी साउथ अंशिका वर्मा, एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान, एसपी क्राइम मनीष चंद्र सोनकर, सीओ गोपनीय मोहम्मद शुएब, पीआरओ इंस्पेक्टर अशोक कुमार, कार्यक्रम का संचालन इंस्पेक्टर विप्लव शर्मा ने किया। इस अवसर पर विभिन्न जनपदों की सोशल मीडिया टीमों ने हाइब्रिड मोड के माध्यम से अपने प्रयासों की प्रेजेंटेशन दी और अन्य जनपदों को प्रशिक्षित भी किया।

# अमर स्तम्भ जनपद बरेली दिनॉक 13.06.2025

# सोशल मीडिया की शक्ति से बदली सड़क सुरक्षा की तस्वीर, कैंपेन चलाकर तोड़ें नेगेटिव नेरेटिव- एडीजी

**ब्यूरो चीफ अवनीश शर्मा**

बरेली (दैनिक अमर स्तंभ) बरेली -उत्तर प्रदेश -जनपद बरेली एडीजी ने बरेली जोन आफिस में आयोजित समारोह में विजेता सोशल मीडिया टीमों को किया सम्मानित

बरेली पुलिस की डिजिटल मुहिम %परवाह% को जोरदार जन समर्थन, एक करोड़ से अधिक लोगों तक संदेश

परिक्षेत्र कार्यालय बरेली की सोशल मीडिया टीम का एडीजी व डीआईजी द्वारा प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर किया गया उत्साहवर्धन

बरेली, 12 जून।

बरेली जोन मुख्यालय पर आयोजित पुलिस सोशल मीडिया टीमों के सम्मान समारोह में एडीजी जोन रमित शर्मा ने कहा कि पुलिस के ऋपरवाह (ड्ड्रक्ष्)ऋ डिजिटल रोड सेफ्टी अभियान में बरेली जोन में जनजागरूकता की नई मिसाल कायम की है। सोशल मीडिया के जरिये चलाये गये डिजिटल सशक्त अभियान की बदौलत सड़क सुरक्षा का संदेश एक करोड़ से अधिक लोगों तक पहुँचाया गया।



रामपुर, बरेली और यातायात पुलिस बरेली की सोशल मीडिया टीमों ने अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अभियान की सराहना करते हुए एडीजी बरेली जोन ने कहा कि आज के दौर में सोशल मीडिया पर फैलाई जाने वाली नकारात्मकता को सकारात्मक अभियान के जरिए जवाब देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अफवाहों से लड़ने का सबसे अच्छा तरीका है - सही और रचनात्मक जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाना। उन्होंने कहा कि इस बार जोन पुलिस ने सड़क सुरक्षा के संदेश को एक करोड़ से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिये कैंपेन चलाया। इस तरीके के कैंपेन को हमें अपना हथियार बनाना है। इससे सोशल मीडिया पर नेगेटिव नेरेटिव सेट करने वाले लोगों को मुंहतोड़ जवाब दिया जा सकेगा। उनकी अफवाहों की उड़ान के अरमानों को कुचला जा सकेगा। कैंपेन लोगों तक सही बात पहुंचाने में मददगार बनेगी। व्हाट्सएप ग्रुप और फील्ड एक्टिविटी से बनी प्रभावी रणनीति कार्यक्रम में एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा, डीआईजी परिक्षेत्र अजय साहनी,एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी साउथ अंशिका वर्मा, एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान, एसपी क्राइम मनीष चंद्र सोनकर, सीओ गोपनीय मोहम्मद शुएब, पीआरओ इंस्पेक्टर अशोक कुमार, कार्यक्रम का संचालन इंस्पेक्टर विप्लव शर्मा ने किया। इस अवसर पर विभिन्न जनपदों की सोशल मीडिया टीमों ने हाइब्रिड मोड के माध्यम से अपने प्रयासों की प्रेजेंटेशन दी और अन्य जनपदों को प्रशिक्षित भी किया। उल्लेखनीय है कि दिनांक 19 अप्रेल से 19 मई 2025 तक चले परवाह अभियान को 1,00,50,530 डिजिटल व्यूज और 10,41,943 सोशल मीडिया इंटरैक्शन (लाइक, शेयर व रिप्लाई) प्राप्त हुए। इस अभियान में 5785 पोस्ट, 1828 पोस्टर, 2618 टेम्पलेट्स, 210 पेपर कटिंग्स और 1144 वीडियो का प्रयोग किया गया।

बरेली परिक्षेत्र में पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र प्राप्त करने वाले कर्मचारियों का विवरण निम्नवत है:

उप निरीक्षक शालू रानी

मुख्य आरक्षी दीपक पौसवाल

महिला मुख्य आरक्षी प्रियंका सिंह आरक्षी राहुल कुमार

आरक्षी अंकित कुमार दीक्षित

आरक्षी गौरव नैन।।

## तरूण मित्र जनपद बरेली दिनॉक 13.06.2025

# बरेली पुलिस की डिजिटल मुहिम 'परवाह' को जोरदार जन समर्थन

**बरेली, 12 जून (तरूणमित्र)।** बरेली जोन मुख्यालय पर आयोजित पुलिस सोशल मीडिया टीमों के सम्मान समारोह में एडीजी जोन रमित शर्मा ने कहा कि पुलिस के 'परवाह' डिजिटल रोड सेफ्टी अभियान में बरेली जोन में जनजागरूकता की नई मिसाल कायम की है। सोशल मीडिया के जरिये चलाये गये डिजिटल सशक्त अभियान की बदौलत सड़क सुरक्षा का संदेश एक करोड़ से अधिक लोगों तक पहुंचाया गया। रामपुर, बरेली और यातायात पुलिस बरेली की सोशल मीडिया टीमों ने अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

अभियान की सराहना करते हुए एडीजी बरेली जोन ने कहा कि आज के दौर में सोशल मीडिया पर फैलाई जाने वाली नकारात्मकता को सकारात्मक अभियान के जरिए जवाब देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अफवाहों से लड़ने का सबसे अच्छा तरीका है सही और रचनात्मक जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना। उन्होंने कहा कि इस बार जोन पुलिस ने सड़क सुरक्षा के संदेश को एक करोड़ से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिये कैंपेन चलाया। इस तरीके के कैंपेन को हमें अपना हथियार बनाना है। इससे सोशल मीडिया पर नेगेटिव नेरेटिव सेट करने वाले लोगों को मुंहतोड़ जवाब दिया जा सकेगा। उनकी अफवाहों की उड़ान के अरमानों को कुचला जा सकेगा। कैंपेन लोगों तक सही बात पहुंचाने में मददगार बनेगी।

वॉट्सऐप ग्रुप और फील्ड' एक्टिविटी से बनी प्रभावी रणनीति

रामपुर के सोशल मीडिया प्रभारी ने बताया कि अभियान की शुरूआत थाना स्तर पर वॉट्सऐप ग्रुप बनाकर और नोडल अधिकारियों की नियुक्ति से हुई। ट्रैफिक कांस्टेबल पूजा ने बताया कि पुलिस की टीमों ने स्कूल, कॉलेज, कोचिंग, खेल मैदान और सामाजिक आयोजनों में जाकर लोगों को प्रत्यक्ष रूप से जागरूक किया। साथ ही, सोशल मीडिया पर आकर्षक क्रिएटिव्स और स्लोगन के जरिए विशेष रूप से युवाओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

**सबसे ज्यादा सराहा गया बरेली पुलिस का क्रिएटिव**

बरेली सोशल मीडिया प्रभारी सत्येंद्र सिंह भड़ाना ने बताया कि भैंसे पर बैठे हुए सीट बेल्ट लगाये हुये यमराज का वायरल क्रिएटिव लोगों के बीच चर्चा का विषय बना। वहीं, 'करवा चौथ आ रही है, हेलमेट लगाएं नहीं तो छिन जाएगा सुहाग' जैसे स्लोगन ने विशेष रूप से महिलाओं को प्रभावित किया।

**ट्रैफिक पुलिस बरेली ने तोड़े रिकॉर्ड**

बरेली ट्रैफिक पुलिस ने पूरे जोन में सोशल मीडिया न्यूज और जनसंपर्क के मामले में सबसे अधिक प्रदर्शन किया। एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान ने बताया कि उनकी टीमों ने सोशल मीडिया पर 'परवाह' अभियान को बखूबी शेयर किया और भीडभाड वाले क्षेत्रों में जाकर कैम्पेन चलाए। महिलाओं और युवाओं को लक्ष्य बनाकर प्रभावी संवाद स्थापित किया गया। ट्रैफिक पुलिस के अभियान को फेसबुक पर सबसे ज्यादा देखा गया और सराहा गया। अभियान में जज की भूमिका का निर्वहन करने वाली एसपी साउथ अंशिका वर्मा ने कहा कि हमें इंस्टाग्राम समेत अन्य सोशल मीडिया के माध्यमों को भी प्रचार प्रसार के लिये प्रयोग करना चाहिये। इससे भी जबरदस्त संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचेगा।

राष्ट्रीय सहारा जनपद बरेली दिनॉक 13.06.2025

# थानों पर शिकायतों का हो गुणवत्तापूर्ण समाधान, महिला सुरक्षा सर्वोपरि



एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा व डीआईजी बरेली रेंज अजय कुमार साहनी।

**बरेली (एसएनबी)।** एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा ने जोनल सभागार से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बरेली और मुरादाबाद रेंज के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में डीआईजी बरेली अजय कुमार साहनी, डीआईजी मुरादाबाद मुनिराज समेत पुलिस अधीक्षक, एडिशनल एसपी और सीओ स्तर के अधिकारी शामिल रहे। एडीजी रमित शर्मा ने आगामी कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर विशेष दिशा-निर्देश दिए और मीडिया से सकारात्मक समन्वय बनाए रखने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि पत्रकारों से सम्मानजनक व्यवहार होना चाहिए। साथ ही, राजस्व से जुड़ी शिकायतों को समाधान दिवस पर प्राथमिकता से निस्तारित किया जाए। उन्होंने थानों और सीओ स्तर पर दर्ज शिकायतों का त्वरित और संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करने पर बल दिया। एडीजी ने कहा, ''शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही अंतिम मापदंड है।'' लंबित चार्जशीट और फाइनल रिपोर्टों को लेकर नाराजगी जताते हुए समयबद्ध न्यायालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

**मीडिया से समन्वय व फरियादियों की संतुष्टि पर एडीजी का जोर**

## हिन्दुस्तान जनपद बदायूं दिनॉक 13.06.2025



परवाह डिजिटल रोड सेफ्टी अभियान में टीम को सम्मानित करते एडीजी रमित शर्मा।

### सड़क सुरक्षा पर सोशल मीडिया टीम को सम्मान

बदायूं। बरेली जोन में सड़क सुरक्षा को लेकर चलाए गए परवाह डिजिटल रोड सेफ्टी अभियान में बदायूं की सोशल मीडिया टीम को उल्लेखनीय कार्य के लिए प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया। बरेली जोन मुख्यालय पर आयोजित सम्मान समारोह में एडीजी रमित शर्मा ने बदायूं टीम को शील्ड, प्रशस्ति पत्र और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अभियान में जोनभर में कुल 65 पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया। इसमें निरीक्षक ऋषिपाल सिंह, उपनिरीक्षक सुमित शर्मा, ऑपरेटर दीपक सिंह, महिला आरक्षी जौली आदि शामिल रहे।

## दैनिक वाडेकर टाइम्स जनपद बिजनौर दिनॉक 13.06.2025

### सोशल मीडिया की शक्ति से बदली सड़क सुरक्षा की तस्वीर, कैंपेन चलाकर तोड़ें नेगेटिव नेरेटिव: एडीजी

दैनिक वाडेकर टाइम्स बिजनौर ब्यूरो चीफ मौ० जीशान

बरेली। बरेली जोन मुख्यालय पर आयोजित पुलिस सोशल मीडिया टीमों के सम्मान समारोह में एडीजी जोन रमित शर्मा ने कहा कि पुलिस के ष्परवाह (ध्यान)ष डिजिटल रोड सेफ्टी अभियान में बरेली जोन में जनजागरूकता की नई मिसाल कायम की है। सोशल मीडिया के जरिये चलाये गये डिजिटल सशक्त अभियान की बदौलत सड़क सुरक्षा का संदेश एक करोड़ से अधिक लोगों तक पहुंचाया गया। रामपुर, बरेली और यातायात पुलिस बरेली की सोशल मीडिया टीमों ने अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अभियान की सराहना करते हुए एडीजी बरेली जोन ने कहा कि आज के दौर में सोशल मीडिया पर फैलाई जाने वाली नकारात्मकता को सकारात्मक अभियान के जरिए जवाब देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अफवाहों से लड़ने का सबसे अच्छा तरीका है – सही और रचनात्मक जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना। उन्होंने कहा कि इस बार जोन पुलिस ने सड़क सुरक्षा के संदेश को एक करोड़ से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिये कैंपेन चलाया। इस तरीके के कैंपेन को हमें अपना हथियार बनाना है। इससे सोशल मीडिया पर नेगेटिव नेरेटिव सेट करने वाले लोगों को मुंहतोड़ जवाब दिया जा सकेगा। उनकी अफवाहों की उड़ान के अरमानों को कुचला जा सकेगा। कैंपेन लोगों तक सही बात पहुंचाने में मददगार बनेगी। वॉट्सऐप ग्रुप और फील्ड एक्टिविटी से बनी प्रभावी रणनीति रामपुर के सोशल मीडिया प्रभारी ने बताया कि अभियान की शुरुआत थाना स्तर पर वॉट्सऐप ग्रुप बनाकर और नोडल अधिकारियों की नियुक्ति से हुई। ट्रैफिक कांस्टेबल पूजा ने बताया कि पुलिस की टीमों ने स्कूल,



कॉलेज, कोचिंग, खेल मैदान और सामाजिक आयोजनों में जाकर लोगों को प्रत्यक्ष रूप से जागरूक किया। साथ ही, सोशल मीडिया पर आकर्षक क्रिएटिव्स और स्लोगन के जरिए विशेष रूप से युवाओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

**सबसे ज्यादा सराहा गया बरेली पुलिस का क्रिएटिव**

बरेली सोशल मीडिया प्रभारी सत्येंद्र सिंह भड़ाना ने बताया कि भैंसे पर बैठे हुए सीट बेल्ट लगाये हुये यमराज का वायरल क्रिएटिव लोगों के बीच चर्चा का विषय बना। वहीं, ष्करवा चौथ आ रही है, हेलमेट लगाएं नहीं तो छिन जाएगा सुहागष जैसे स्लोगन ने विशेष रूप से महिलाओं को प्रभावित किया।

**ट्रैफिक पुलिस बरेली ने तोड़े रिकॉर्ड**

बरेली ट्रैफिक पुलिस ने पूरे जोन में सोशल मीडिया न्यूज और जनसंपर्क के मामले में सबसे अधिक प्रदर्शन किया। एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान ने बताया कि उनकी टीमों ने सोशल मीडिया पर ष्परवाहष अभियान को बखूबी शेयर किया और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में जाकर कैम्पेन चलाए। महिलाओं और युवाओं को लक्ष्य बनाकर प्रभावी संवाद स्थापित किया गया। ट्रैफिक पुलिस के अभियान को फेसबुक पर सबसे ज्यादा देखा गया और सराहा गया। अभियान में जज की भूमिका का निर्वहन करने वाली एसपी साउथ अंशिका वर्मा ने कहा कि हमें इंस्टाग्राम समेत अन्य सोशल मीडिया के माध्यमों को भी प्रचार प्रसार के लिये प्रयोग करना चाहिये। इससे भी जबरदस्त संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचेगा।

**प्रशस्ति, पुरस्कार और प्रेरणा का संगम**

प्रथम पुरस्कार– जनपद रामपुर (शील्ड, प्रशस्ति पत्र एवं नकद राशि)

द्वितीय पुरस्कार – जनपद बरेली

तृतीय पुरस्कार– यातायात पुलिस, जनपद बरेली

प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त करने वाले जनपदः

बदायूं, मुरादाबाद, यातायात पुलिस, मुरादाबाद

सराहनीय पुरस्कारः

बरेली परिक्षेत्र, मुरादाबाद परिक्षेत्र, बरेली जोन

**एडीजी, डीआईजी और एसएसपी से सम्मानित हुए 65 पुलिसकर्मी**

सम्मान समारोह में कुल 65 पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया, जिन्हें शील्ड, प्रमाणपत्र और नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा, डीआईजी परिक्षेत्र अजय साहनी एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी साउथ अंशिका वर्मा, एसपी ट्रैफिक मोहम्मद अकमल खान, सीओ गोपनीय मोहम्मद शुएब, पीआरओ इंस्पेक्टर अशोक कुमार, कार्यक्रम का संचालन इंस्पेक्टर विप्लव शर्मा ने किया।

## हिन्दुस्तान जनपद मुरादाबाद दिनॉक 13.06.2025



बरेली में गुरुवार को अपने ऑफिस में परवाह अभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिए मुरादाबाद के पुलिसकर्मियों को प्रोत्साहन पुरस्कार देते एडीजी रमित शर्मा।

# दस पुलिसकर्मी सम्मानित

**मुरादाबाद।** हादसों पर अंकुश लगाने और यातायात जागरूकता के लिए एडीजी रमित शर्मा की रोड सेफ्टी अभियान 'परवाह' चलाया जा रहा है। मंगलवार को जोन कार्यालय में एडीजी ने इस अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया। इस दौरान रामपुर प्रथम, बरेली द्वितीय और बरेली ट्रैफिक पुलिस को तृतीय स्थान मिला। मुरादाबाद ट्रैफिक पुलिस और यातायात पुलिस को प्रोत्साहन मिला। वहीं अभियान में शानदार काम करने के लिए मुरादाबाद सोशल मीडिया सेल के कम्पयूटर ऑपरेटर अमित सिंह, मुख्य आरक्षी कपिल कुमार और सिपाही आदित्य कुमार, शिवम चौधरी, दीपक कुमार वर्मा, अंकित कुमार और अतुल कुमार त्यागी को एडीजी ने प्रशस्तिपत्र दिया। मुरादाबाद ट्रैफिक पुलिस के एसआई अजय कुमार, सिपाही अंकित कुमार और महिला सिपाही पिंकी को भी सम्मानित किया गया।

हिन्दुस्तान जनपद शाहजहांपुर दिनॉक 13.06.2025

आयोजन | रामपुर प्रथम, बरेली द्वितीय और बरेली ट्रैफिक पुलिस को तृतीय स्थान, विजेता टीमें को किया पुरस्कृत

# परवाह अभियान के विजेताओं को मिला पुरस्कार

**बरेली, वरिष्ठ संवाददाता।** यातायात जागरूकता के लिए एडीजी रमित शर्मा की मुहिम 'परवाह' अभियान के विजेताओं को गुरुवार को जोन कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पुस्कृत किया गया। इसमें रामपुर प्रथम, बरेली द्वितीय और बरेली ट्रैफिक पुलिस को तृतीय स्थान मिला।

आयोजन के दौरान एडीजी रमित शर्मा ने कहा कि इस अभियान ने बरेली जोन में जनजागरूकता की नई मिसाल कायम की है। सोशल मीडिया के जरिये चलाए गए अभियान के दौरान एक करोड़ लोगों तक सड़क सुरक्षा का संदेश पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि अफवाहों से लड़ने का सबसे अच्छा तरीका है, सही और रचनात्मक जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना। इस अभियान ने यह साबित कर दिखाया है। इस अभियान में जनपद रामपुर की सोशल मीडिया टीम प्रथम, बरेली द्वितीय और यातायात पुलिस बरेली की टीम तृतीय स्थान पर रही। सभी को प्रशस्तिपत्र व नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा बदायूं व मुरादाबाद को प्रोत्साहन और बरेली रेंज, मुरादाबाद रेंज व बरेली जोन को प्रोत्साहन पुरस्कार मिला। इस दौरान डीआईजी अजय साहनी, एसएसपी अनुराग आर्य, एसपी साउथ अंशिका वर्मा, एसपी ट्रैफिक अकमल खान, एसपी क्राइम मनीष चंद्र सोनकर, सीओ गोपनीय मोहम्मद शुएब आदि मौजूद रहे। संचालन इंस्पेक्टर विप्लव शर्मा ने किया।



कैंप कार्यालय में गुरुवार को जिला विकास समिति की बैठक संपन्न हुई।

## एक माह चला था अभियान

परवाह अभियान 19 अप्रैल से 19 मई 2025 तक चला था। इसे सोशल मीडिया पर 1,00,50,530 डिजिटल व्यूज और 10,41,943 सोशल मीडिया इंटरेक्शन (लाइक, शेयर व रिप्लाई) प्राप्त हुए। इस अभियान में 5785 पोस्ट, 1828 पोस्टर, 2618 टेम्पलेट्स, 210 पेपर कटिंग्स और 1144 वीडियो का प्रयोग किया गया।

## बरेली पुलिस को मिली सर्वाधिक सराहना

बरेली सोशल मीडिया प्रभारी सत्येंद्र सिंह भड़ाना ने बताया कि भैंसे पर बैठे हुए सीट बेल्ट लगाए हुए यमराज का वायरल क्रिएटिव लोगों के बीच चर्चा का विषय बना। इसके अलावा करवा चौथ आ रही है, हेलमेट लगाएं नहीं तो छिन जाएगा सुहाग, जैसे स्लोगन ने विशेष रूप से महिलाओं को प्रभावित किया। ट्रैफिक कांस्टेबल पूजा ने बताया कि पुलिस की टीमों ने स्कूल, कॉलेज, कोचिंग, खेल मैदान और सामाजिक आयोजनों में जाकर लोगों को प्रत्यक्ष रूप से जागरूक किया।

हिन्दुस्तान जनपद रामपुर दिनॉक 13.06.2025



परवाह अभियान की सफलता पर प्रथम पुरस्कार से रामपुर पुलिस टीम को सम्मानित करते एडीजी रमित शर्मा।

# 'परवाह' में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर रामपुर जोन में नंबर-1

**रामपुर, संवाददाता।** परवाह अभियान में रामपुर पुलिस टाप पर रही। इस अभियान के तहत सोशल मीडिया टीमों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार घोषित किए गए। जोन में रामपुर प्रथम, बरेली पुलिस को दूसरा स्थान मिला। अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले रामपुर के 10 पुलिसकर्मियों को गुरुवार को एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा के हाथों सम्मान मिला। सम्मान पाकर पुलिसकर्मी गदगद हो गए।

एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा के निर्देश पर जोन में 19 अप्रैल से 19 मई तक डिजिटल सड़क सुरक्षा अभियान परवाह चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना था। बरेली जोन की 11 सोशल मीडिया टीमों की सहभागिता से चलाए गए इस एक महीने के अभियान ने डिजिटल माध्यम से सड़क सुरक्षा को लेकर नई लहर पैदा की। बरेली जोन की पुलिस ने अभियान को डिजिटली सशक्त बनाया है। एक्स और फेसबुक जैसे प्रमुख सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अभियान को प्रभावी ढंग से चलाया। गुरुवार को एडीजी ने रामपुर की पुलिस टीम को सम्मानित किया।

दैनिक जागरण जनपद रामपुर दिनॉक 13.06.2025

# आपरेशन परवाह में रामपुर को पहला स्थान

जागरण संवाददाता, रामपुर : बरेली जोन में चलाये गए डिजिटल रोड सेफ्टी आपरेशन परवाह में जिले को पहला स्थान मिला है। इस उपलब्धि पर एडीजी बरेली रमित शर्मा ने जिले की टीम को अपने कार्यालय में बुलाकर सम्मानित किया।

पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने इसके लिए टीम को बधाई दी। बताया कि एडीजी के निर्देश पर चलाए इस आपरेशन में डिजिटल मुहिम 'परवाह' को जोरदार जन समर्थन मिला। एक करोड़ से अधिक लोगों तक संदेश पहुंचाने में जोन की पुलिस की अहम भूमिका रही। इसमें रामपुर पुलिस के अलावा बरेली पुलिस और बरेली ट्रैफिक पुलिस विजेता रही। एडीजी द्वारा गुरुवार को रामपुर टीम को उनके कार्यालय में प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर उत्साहवर्धन किया। यह आपरेशन 19 अप्रैल से 19 मई 2025 तक चलाया गया था। इसमें



रामपुर पुलिस को सम्मानित करते एडीजी रमित शर्मा • सौ. पुलिस विभाग

1,00,50,530 डिजिटल व्यूज और 10,41,943 सोशल मीडिया इंटरेक्शन (लाइक, शेयर व रिप्लाई) प्राप्त हुए। इस अभियान में 5785 पोस्ट, 1828 पोस्टर, 2618 टेम्पलेट्स, 210 पेपर कटिंग्स और 1144 वीडियो का प्रयोग किया गया। जिले से यह सम्मान लेने वालों में निरीक्षक जयवीर सिंह, उप निरीक्षक अजय शर्मा, कंपयूटर आपरेटर विपिन कुमार, मुख्य आरक्षी अनिल गिल, मुख्य आरक्षी अरविंद कुमार, मुख्य आरक्षी अमित कुमार, आरक्षी अंकुर तोमर, आरक्षी रजनीश सिंह, आरक्षी शशिपाल और आरक्षी दीपक कुमार शामिल रहे।

अमर उजाला जनपद रामपुर दिनॉक 13.06.2025

# ऑपरेशन परवाह में रामपुर पुलिस ने मारी बाजी

## बरेली जोन में पहला स्थान मिलने पर अपर पुलिस महानिदेशक ने टीम को किया सम्मानित

संवाद न्यूज एजेंसी

**रामपुर।** बरेली जोन में चलाए गए डिजिटल रोड सेफ्टी ऑपरेशन परवाह में रामपुर ने बरेली जोन में पहला स्थान हासिल किया है, जिस पर अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन के रमित शर्मा ने रामपुर की सोशल मीडिया टीम सम्मानित किया है।

बरेली जोन में डिजिटल रोड सेफ्टी ऑपरेशन परवाह चलाया जा रहा है। इसके तहत सोशल मीडिया की शक्ति से बदली सड़क सुरक्षा की तस्वीर को बदलने के साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने की कोशिश की जा रही है। इस अभियान को डिजिटल के माध्यम से एक करोड़ से अधिक लोगों तक संदेश गया है। बरेली जोन मुख्यालय पर आयोजित पुलिस सोशल मीडिया टीमों के सम्मान समारोह में एडीजी जोन रमित शर्मा ने कहा कि पुलिस के परवाह डिजिटल रोड सेफ्टी अभियान में बरेली जोन में जनजागरूकता की नई मिसाल कायम की है। जनपद रामपुर की सोशल मीडिया टीमों ने अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

अभियान की सराहना करते हुए एडीजी ने कहा कि आज के दौर में सोशल मीडिया पर फैलाई जाने वाली नकारात्मकता को सकारात्मक अभियान के जरिए जवाब देना आवश्यक है। एसपी विद्या सागर मिश्र ने बताया कि रामपुर पुलिस ने ऑपरेशन परवाह के तहत बेहतर काम किया है,जिस पर जोन में रामपुर पुलिस ने बाजी मारी है।



बरेली जोन दफ्तर में सम्मानित रामपुर पुलिस की टीम। स्रोत: पुलिस

उत्तर केसरी ब्यूरो जनपद रामपुर दिनॉक 13.06.2025

# डिजिटल रोड सेफ्टी ऑपरेशन परवाह में रामपुर पुलिस का परचम, सोशल मीडिया टीम को मिला प्रथम पुरस्कार

**बरेली जोन में सड़क सुरक्षा अभियान में डिजिटल माध्यमों से रचा गया कीर्तिमान, एडीजी ने 65 पुलिसकर्मियों को किया सम्मानित**



## सोशल मीडिया बनी बदलाव की ताकत : एडीजी रमित शर्मा

बरेली जोन मुख्यालय पर आयोजित भव्य सम्मान समारोह में एडीजी रमित शर्मा ने कहा कि डिजिटल माध्यमों के ज़रिए सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता की जो मिसाल परवाह अभियान ने कायम की है, वह अद्वितीय है। सोशल मीडिया अब नकारात्मकता का शिकार नहीं बल्कि सकारात्मक परिवर्तन का हथियार बन चुका है। हमें कैंपेन के माध्यम से सच्ची और रचनात्मक बात लोगों तक पहुंचानी है, ताकि अफवाहों और नकारात्मक नैरेटिव को करारा जवाब दिया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि यह प्रयास सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि एक आंदोलन बन चुका है, जिससे एक करोड़ से अधिक लोगों तक सड़क सुरक्षा का संदेश पहुँचाया गया।

(उत्तर केसरी ब्यूरो)

**रामपुर (गौरव जैन)।** सोशल मीडिया की ताकत अब सिर्फ संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि जागरूकता की सशक्त आवाज बन चुकी है। इसका शानदार उदाहरण देखने को मिला बरेली जोन में चलाए गए डिजिटल रोड सेफ्टी ऑपरेशन परवाह में, जहां जनपद रामपुर की सोशल मीडिया टीम ने ज़ोन भर में प्रथम स्थान प्राप्त कर पूरे जिले को गौरवान्वित किया।

इस विशेष अभियान के तहत रामपुर, बरेली और बरेली ट्रैफिक पुलिस को विजेता घोषित किया गया। एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा ने सभी विजेताओं को शील्ड, प्रशस्ति पत्र एवं नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

## रामपुर की टीम की रणनीति बनी सफलता की कुंजी

रामपुर के सोशल मीडिया प्रभारी ने बताया कि यह अभियान थाना स्तर पर वॉट्सऐप ग्रुप बनाकर, नोडल अधिकारियों की नियुक्ति से शुरू हुआ। टीमों ने स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, खेल मैदानों और सामाजिक कार्यक्रमों में जाकर प्रत्यक्ष जागरूकता अभियान चलाया। साथ ही, सोशल मीडिया पर आकर्षक पोस्टर, स्लोगन, वीडियो और रील्स के ज़रिए विशेष रूप से युवाओं को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम का संचालन इंस्पेक्टर विप्लव शर्मा ने किया। विभिन्न जनपदों की सोशल मीडिया टीमों ने हाइब्रिड मोड में अपने कार्यों की प्रेजेंटेशन देकर अन्य जिलों को प्रशिक्षण भी प्रदान किया।

जनपद रामपुर की पुलिस सोशल मीडिया टीम ने यह सिद्ध कर दिया है कि डिजिटल प्लेटफॉर्म केवल सूचना का साधन नहीं, बल्कि सकारात्मक परिवर्तन और जनसुरक्षा का प्रभावी माध्यम भी बन सकता है। यह सफलता आने वाले अभियानों के लिए एक मिसाल है। दैनिक उत्तर केसरी परिवार रामपुर की सोशल मीडिया सेल टीम को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित करता हैं एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं।

## पुरस्कार विजेता टीमें और पुलिसकर्मी

प्रथम पुरस्कार जनपद रामपुर की टीम में निरीक्षक जयवीर सिंह, उप निरीक्षक अजय शर्मा, कंप्यूटर ऑपरेटर विपिन कुमार, मुख्य आरक्षी अनिल गिल, अरविंद कुमार, अमित कुमार, आरक्षी अंकुर तोमर, रजनीश सिंह, शशिपाल, दीपक कुमार शामिल रहे। द्वितीय पुरस्कार जनपद बरेली एवं तृतीय पुरस्कार यातायात पुलिस, बरेली को मिला।